# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 27.07.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–दुनिया के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।
- शिक्षा मंत्रालय ने विद्यार्थियों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने का निर्देश जारी किया है।
- कामोर्टा में कल स्वयं सहायता समूह हुनर हाट का आयोजन किया गया।
- मानसून उत्सव में वॉलीबॉल के पुरुष और महिला वर्ग के सेमीफाइनल और फाइनल मैच आज खेले जाएंगे।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–दुनिया के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की यह एक सौ चौबीसवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़. ऑन.एयर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी पर क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा।

<><><><><><><>

शिक्षा मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को विद्यार्थियों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए शीघ्र कदम उठाने का निर्देश जारी किया है। इसमें राष्ट्रीय सुरक्षा संहिता के अनुसार स्कूलों और बच्चों से संबंधित सुविधाओं का अनिवार्य सुरक्षा ऑडिट, आपातकालीन तैयारी में कर्मचारियों और छात्रों के लिए प्रशिक्षण तथा परामर्श शामिल है। मंत्रालय ने अपनी सिफारिशों में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा विद्यार्थियों के लिए उठाए जाने वाले कई कदमों पर ज़ोर दिया है। इन कदमों में

रोकथाम संबंधी सुरक्षा उपाय, जागरूकता और प्रशिक्षण, मनो–सामाजिक कल्याण, रिपोर्टिंग तंत्र, और सार्वजनिक जिम्मेदारी शामिल हैं। मंत्रालय ने शिक्षा विभागों, स्कूल बोर्डों और संबद्ध प्राधिकरणों से आग्रह किया कि वे उपरोक्त उपायों को लागू करने में देरी न करें और इसकी तुरंत कार्रवाई करें।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान की ओर से उन्नीस सौ निन्यानब्बे के कारगिल विजय दिवस की छब्बीसवीं वर्षगांठ के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्रिचगंज सैन्य स्टेशन के बायोनेट चौक पर आयोजित कार्यक्रम में अंडमान निकोबार कमान के कमांडर–इन–चीफ लेफ्टिनेंट जनरल डी.एस. राणा, ने राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कमांडर–इन–चीफ ने सेवारत कर्मियों और पूर्व सैनिकों से भी बातचीत की। उन्होंने कमान के सैनिकों से कारगिल योद्धाओं की अदम्य भावना से प्रेरणा लेने और राष्ट्र की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए सदैव तैयार रहने का आह्वान किया।

<><><><><><><>

ननकौड़ी ब्लॉक के कामोर्टा में कल "स्वयं सहायता समूह हुनर हाट – ग्रामीण कौशल और स्वदेशी आदिवासी भावना का उत्सव" नामक एक कला और शिल्प मेला आयोजित किया गया। प्रशासन के मुख्य सचिव के निर्देशानुसार निकोबार जिला उपायुक्त अमित काले के नेतृत्व में ग्रामीण आदिवासी स्वयं सहायता समूह महिलाओं को एक विपणन मंच प्रदान करने के उद्देश्य से यह मेला आयोजित किया गया। मेले में क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से स्वयं सहायता समूहों, ग्राम संगठनों और उत्पादक समूहों ने भाग लिया। इस अवसर पर हस्तशिल्प, हथकरघा वस्तुओं, पारंपरिक और स्थानीय व्यंजनों, सांस्कृतिक कलाकृतियों और अन्य स्थानीय रूप से निर्मित आवश्यक वस्तुओं की एक श्रृंखला का प्रदर्शन किया गया। इस पहल का उद्देश्य बाजार तक पहुंच बढ़ाना, बिक्री में सुधार करना और ग्रामीण कारीगरों तथा उद्यमियों के लिए स्थायी आजीविका के अवसरों को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम का उद्घाटन सहायक आयुक्त आदित्य संगोत्रा ने खंड विकास अधिकारी मोहम्मद यूनुस एम, कार्यालय प्रमुखों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया। दीनदयाल अंत्योदय योजना – राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण "मिहुनीज़ क्लाउड किचन" का शुभारंभ था, जो इस क्षेत्र में अपनी तरह की पहली सेवा है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के सहयोग से हाल ही में बृंदावन ग्राम पंचायत में "कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम और साइबर अपराध" विषय पर एक कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के जिला न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष सुधीर कुमार सहित अन्य न्यायाधीशों ने भाग लिया। राष्ट्रीय महासचिव और राज्य अध्यक्ष सरस्वती नारायण ने कानूनी जागरूकता शिविर के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। श्री सुधीर कुमार ने स्कूलों और घरों में लड़कियों की सुरक्षा और कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा पर चर्चा की। उन्होंने शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया और मौजूदा निवारण प्रणाली के बारे में जानकारी दी। श्री राशिद आलम ने साइबर अपराध, ऑनलाइन धोखाधड़ी और "डिजिटल गिरफ्तारी" घोटालों की बढ़ती घटनाओं के बारे में बताया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट–सह–सचिव सम्राट रॉय ने बाल सुरक्षा और विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया।

<><><><><><><><><><>

दो दिवसीय मानसून पर्यटन महोत्सव–दो हजार पच्चीस कार्बाइंस कोव तट पर कल से शुरू हुआ। पर्यटन विभाग द्वारा शिक्षा निदेशालय के सहयोग से आयोजित इस महोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि सूचना, प्रचार और पर्यटन सचिव ज्योति कुमारी ने किया। इस अवसर पर श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद सचिव, अजहरुद्दीन जहीरुद्दीन काजी के अलावा पर्यटन हितधारक, विभाग के अधिकारी और आम जनता उपस्थित थे। मैत्रीपूर्ण उद्घाटन मैच में सेवा भारती की टीम ने प्रेम नगर की टीम को सीधे सेटो से हराया। पहले दिन सत्रह से अधिक वॉलीबॉल मैच खेले गए। इसमें चौंसठ से ज़्यादा टीमें भाग ले रही हैं। रस्साकशी प्रतियोगिता में, सूचना, प्रचार और पर्यटन की महिला टीम ने साई टीम को हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई। आज फाइनल में, उसका मुकाबला सी टी बी एस टीम से होगी। मानसून उत्सव के दूसरे दिन आज वॉलीबॉल के पुरुष और महिला वर्ग के सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेले जाएंगे। पुरस्कार वितरण समारोह शाम को आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><><><><>

खेल एवं युवा मामले विभाग की ओर से श्री यूडे के सहयोग से विभिन्न भार वर्गों में खिलाड़ियों के लिए कल मरीना पार्क में आर्म रेसलिंग टूर्नामेंट – दो हजार पच्चीस के दूसरे संस्करण का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट का उद्देश्य युवाओं में नशामुक्त जीवनशैली के बारे में जागरूकता बढ़ाना, खेलों को एक माध्यम से स्वस्थ और अनुशासित जीवन जीने के लिए प्रेरित करना शामिल है। इस अवसर पर विशेष

सचिव, विज्ञान मनोज कुमार द्विवेदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। खेल निदेशक विक्रम सिंह ने विजेताओं और उप–विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करते हुए सभी प्रतिभागियों के योगदान की सराहना की ।

**<><><><><><><>**

पर्यटन विभाग ने एवियंस क्लब के सहयोग से कल "अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में पक्षी अवलोकन" विषय पर अध्यक्ष अरुण सिंह द्वारा एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। उन्होंने द्वीपों की जैव विविधता पर प्रकाश डाला। श्री सिंह ने पक्षी अवलोकन और अनुभव–आधारित पर्यटन की संभावनाओं पर जोर देते हुए कहा कि यह पारिस्थितिक पर्यटन के सिद्धांतों के अनुरूप है। उन्होंने मानसून और ऑफ–सीज़न के दौरान पक्षी–दर्शन को बढ़ावा देने, प्रकृति प्रेमियों को जोड़ने और निर्देशित पर्यटन और होमस्टे के माध्यम से स्थानीय रोज़गार पैदा करने पर भी जोर दिया। कार्यक्रम में प्रकृति प्रेमियों, टूर ऑपरेटरों, छात्रों और इको–गाइडों ने भाग लिया।

**<><><><><><><>**

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में वनवासी कल्याण आश्रम की ओर से सावन माह के प्रत्येक सोमवार को कलश यात्रा का आयोजन किया जाता है। इसी सिलसिले में कल वनवासी कल्याण आश्रम डिगलीपुर, मायाबंदर, बकुलतला, बाराटांग और श्री विजयपुरम में कलश यात्रा निकाली जाएगी। अधिक जानकारी के लिए कल्याण आश्रम के कार्यकर्ताओं से संपर्क किया जा सकता है।

**<><><><><><><>**